प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.06.2026/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम राष्ट्रपति भवन दिल्ली में नागरिक अलंकरण समारोह में 65 पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी।

- प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा देते हुए इस वर्ष 3 हजार 3 सौ 36 करोड़ की लागत की 19 जल विद्युत परियोजनाएं हुई हस्ताक्षरित।

- पहली जनवरी 2016 से पहले सेवानिवृत पेंशनरों को जुलाई में जारी की जाएगी एरियर की बकाया राशि।

- मंडी स्थित मिल्कफेड की चक्कर इकाई की बढ़ाई जाएगी क्षमता–प्लांट में अतिरिक्त पाश्चराईज़र होगा स्थापित।

- पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की तिरयानवीं जयंती आज–प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों में दी जा रही है श्रद्धाजंलि।

पद्म पुरस्कार– राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम राष्ट्रपति भवन में आयोजित दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस दौरान दो पद्म विभूषण, सात पद्मभूषण और 56 पद्मश्री सहित कुल 65 पद्म अलंकरण दिए जाएंगे। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सरकार ने वर्ष 2026 के लिए पांच पद्म विभूषण सहित एक सौ 31 पद्म अलंकरणों की घोषणा की थी। पद्म अलंकरण देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान है।

विद्युत परियोजनाएं

प्रदेश सरकार ने इस वर्ष लगभग 3 हजार 3 सौ 36 करोड़ रुपये लागत की 278 मेगावाट क्षमता की 19 जल विद्युत परियोजनाओं के कार्यान्वयन समझौते हस्ताक्षरित किए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस उपलब्धि के लिए विभाग के प्रयासों को सराहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश की कुल विद्युत क्षमता 24 हजार मेगावाट है जिसमें से 12 हजार 5 सौ 88 मेगावाट क्षमता की एक सौ नवासी परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि एक हजार 5 सौ 28 मेगावाट क्षमता की 54 परियोजनाएं निर्माणधीन हैं तथा साढ़े सात हजार मेगावाट क्षमता की 5 सौ 26 परियोजनाएं स्वीकृति के विभिन्न चरणों में है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऊर्जा के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने अपनी ऊर्जा नीति में संशोधन करते हुए 25 मेगावाट क्षमता तक की जल विद्युत परियोजनाओं में रॉयल्टी दरों को 40 वर्षों के लिए 12 प्रतिशत कर दिया है।

दुग्ध संग्रहण

हिमाचल प्रदेश मिल्कफेड की मंडी स्थित चक्कर इकाई में बढ़ते दुग्ध संग्रहण को देखते हुए प्रसंस्करण क्षमता को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। वर्तमान में प्लांट की स्थापित क्षमता 50 हजार लीटर प्रतिदिन है, जबकि यहां करीब एक लाख लीटर दूध प्रतिदिन पहुंच रहा है। अधिक ब्योरे के साथ हमारे मंडी संवाददाता

हिमाचल प्रदेश मिल्कफेड की चक्कर इकाई में बढ़ते दुग्ध संग्रहण को देखते हुए प्रसंस्करण क्षमता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इकाई प्रभारी विश्वकांत शर्मा ने बताया कि वर्तमान में करीब एक लाख लीटर दूध प्रतिदिन पहुंच रहा है। इसी बढ़ते दबाव को देखते हुए प्लांट में एक अतिरिक्त पाश्चराइजर स्थापित किया गया है और रेफ्रिजरेशन क्षमता बढ़ाने का कार्य भी जारी है। इन कार्यों के पूरा होने के बाद प्लांट की क्षमता बढ़कर लगभग डेढ़ लाख लीटर प्रतिदिन हो जाएगी। प्रदेश सरकार द्वारा दूध के खरीद मूल्य में बढ़ोतरी के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादन के प्रति किसानों का रुझान लगातार बढ़ा है। जनवरी 2023 में जहां चक्कर इकाई से लगभग 9 हजार दुग्ध उत्पादक जुड़े थे, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 21 हजार से अधिक हो गई है। दुग्ध उत्पादकों को समय पर भुगतान भी सुनिश्चित किया जा रहा है। मई माह के लिए लगभग 15 करोड़ 70 लाख रुपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है और जल्द ही भुगतान की पूरी प्रक्रिया डीबीटी के माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खातों में की जाएगी, जिससे पारदर्शिता और सुविधा दोनों बढ़ेंगी।

पेंशनर्स

प्रदेश में पहली जनवरी 2016 से पहले सेवानिवृत हुए सभी सरकारी और पारिवारिक पेंशनरों को उनकी बची हुई एरियर राशि जुलाई 2026 में जारी की दी जाएगी। वित्त विभाग से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार 2016 से पहले के सभी पेंशनधारकों के एरियर का बकाया भुगतान सीधे बैंक खातों में किया जाएगा। ये निर्णय राज्य सरकार द्वारा लंबित पेंशन एरियर के चरणबद्ध भुगतान की प्रकिया के तहत लिया गया है जिससे हजारों पेंशनर्स लाभान्वित होंगे। वहीं दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट ने राज्य के कर्मचारियों के हक़ में एक अहम फैसला सुनाया है। अदालत के अनुसार 15 मई 2003 से पहले वर्क चार्ज स्टेटस पाने वाले कर्मचारी भी पुरानी पेंशन पाने के हक़दार होंगे। अदालत ने वित्त विभाग की ओर से पेंशन रोकने के 2019 के आदेश को पूरी तरह रद्द कर दिया है। साथ ही

याचिकाकर्ताओं को सीसीएस पेंशन नियम 1972 के तहत पेंशन और अन्य सभी सेवानिवृत्ति लाभ प्रदान करने के आदेश जारी किये गए हैं।

हर्ष महाजन

भाजपा के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार लगातार झूठा प्रचार करती रही है कि केंद्र सरकार हिमाचल के साथ भेदभाव कर रही है और राज्य को उसका अधिकार नहीं दिया जा रहा। जबकि केंद्र सरकार प्रदेश को हर क्षेत्र में भरपूर सहयोग प्रदान कर रही है। हर्ष महाजन ने केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी के एक आधिकारिक पत्र का हवाला देते हुए कहा कि शिक्षा मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के तहत हिमाचल प्रदेश को पिछले तीन वर्षों में करोड़ों रुपये की केंद्रीय सहायता उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023—24 में समग्र शिक्षा अभियान के तहत प्रदेश को 486 करोड़, वर्ष 2024—25 में 526 करोड़ और वर्ष 2025—26 में 676 करोड़ की केंद्रीय सहायता जारी की गई है। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं के तहत पिछले तीन वर्षों में प्रदेश को लगभग एक हजार 9 सौ 63 करोड़ रूपए की केंद्रीय सहायता मिली है। हर्ष महाजन ने सवाल उठाया है कि जब केंद्र सरकार लगातार धन उपलब्ध करवा रही है तो प्रदेश में विकास कार्य अपेक्षित गति से क्यों नहीं हो रहे हैं।

वीरभद्र सिंह जयंती

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की आज तरयानवीं जयंती है। इस अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से छह बार मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह को याद किया जा रहा है। राज्यपाल कविंद्र गुप्ता, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित कई गणमान्य लोग आज रिज मैदान स्थित वीरभद्र सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धाजंलि अर्पित करेंगे। स्वर्गीय वीरभद्र सिंह को श्रद्धाजंलि देने के लिए ''वीरभद्र सिंह फाउंडेशन' द्वारा आज विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं जिसमें रक्तदान शिविर, अस्पतालों में मरीजों को फल वितरण कार्यक्रम सहित रिज मैदान पर इंटरनेशन प्रो बॉक्सिंग चैंपियनशिप शामिल है।

पर्यावरण संरक्षण

राज्य में हरित आवरण में वृद्धि तथा पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आरम्भ की गइ ''राजीव गांधी ग्रीन एडॉप्शन योजना'' के अंतर्गत वन विभाग कुल्लू ने दो निजी संस्थाओं के साथ एमओयू किया है। जाइका वानिकी परियोजना के मुख्य परियोजना निदेशक डा. संजय सूद ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत पात्र संस्थाएं वन विभाग द्वारा चिन्हित वन क्षेत्रों को गोद लेकर पौधरोपण, ईको—रेस्टोरेशन तथा उनके रखरखाव का कार्य करेगी। डा. संजय सूद ने कहा कि इस पहल से राज्य में वनावरण में वृद्धि, क्षतिग्रस्त पारिस्थितिकी तंत्र का पुनर्जीवन तथा नागरिकों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा मिलने की अपेक्षा है।

मौसम

प्रदेश की उंची चोटियों में कल हल्की बर्फबारी हुई है जबकि कुल्लू और चंबा जिला के निचले इलाकों में बारिश दर्ज की गई है। चंबा जिला की ऊंची चोटियों सहित रोहतांग दर्रा में बर्फबारी से जनजातीय इलाकों में ठंडक बढ़ गई है। विस्तृत ब्यौरे के साथ लाहौल स्पीति से हमारे संवाददाता।

जनजातीय जिला लाहौल–स्पीति में इन दिनों मौसम लगातार ठंडा बना हुआ है। पिछले कल खराब मौसम के चलते जिले में दिनभर रुक–रुक कर हल्की बारिश होती रही। वहीं रोहतांग दर्रा, बारालाचा ला, शिंकुला सहित जिले के सभी ऊंचे चोटियों में हल्की बर्फबारी दर्ज की गई। ताज़ा बर्फबारी के बाद पूरे जिले में तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आई है और लोगों को जून के महीने में भी सर्दी का एहसास हो रहा है। जहां देश के अधिकांश हिस्से भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं, वहीं लाहौल–स्पीति का मौसम ठंडा और सुहावना बना हुआ है। हालांकि यह मौसम पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, लेकिन किसानों और बागवानों की चिंता बढ़ा रहा है। लगातार बादल और कम धूप के कारण फसलों के पकने की रफ्तार प्रभावित हो रही है। फिलहाल जिले में खराब मौसम के बावजूद किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

वहीं राजधानी शिमला सहित अधिकतर क्षेत्रों में आज धूप खिली है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार अगले चार दिनों तक राज्य के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान चोटियों पर हल्की बर्फबारी के भी आसार बने हैं।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

अमर उजाला की सुर्खी है एचआरटीसी कर्मियों को राहत–मेडिकल बिलों के भुगतान के लिए 20 करोड़ जारी।

बागवानी विभाग में भरे जाएंगे 4 सौ 50 पद शीर्षक से दैनिक जागरण लिखता है मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी, सेब बागवानों को मिलेगी बेहतर तकनीकी सहायता।

पंजाब केसरी की एक खबर है हिमकेयर योजना का दायरा बढ़ा–अब 10 लाख तक स्वास्थ्य कवर।

हिमाचल के 37 दवा उद्योगों में बनीं 44 दवाएं जांच में फेल शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है हाई ब्लड प्रेशर, मधुमेह से लेकर गैस्ट्रिक रोगों की दवाओं के साथ चार सिरप भी शामिल।

'अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम राष्ट्रपति भवन दिल्ली में नागरिक अलंकरण समारोह में 65 पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी।

- प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा देते हुए इस वर्ष 3 हजार 3 सौ 36 करोड़ की लागत की 19 जल विद्युत परियोजनाएं हुई हस्ताक्षरित।

- पहली जनवरी 2016 से पहले सेवानिवृत पेंशनरों को जुलाई में जारी की जाएगी एरियर की बकाया राशि।

- मंडी स्थित मिल्कफेड की चक्कर इकाई की बढ़ाई जाएगी क्षमता–प्लांट में अतिरिक्त पाश्चराईज़र होगा स्थापित।

- पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की तिरयानवीं जयंती आज–प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों में दी जा रही है श्रद्धाजंलि।